भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1179
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 शक (शक)

खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक

1179. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:
श्री इटेला राजेंदर:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या तेलंगाना सरकार ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत महबूबनगर जिले के पालमूर विश्वविद्यालय में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाने के लिए सरकार के समक्ष कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) स्वीकृत, जारी की गई निधि, वहन किए गए व्यय और तत्संबंधी वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक जैसी खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन सहित खेलों के विकास का मुख्य उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सरकार से महबूबनगर जिले के पालमूर विश्वविद्यालय में संबद्ध सुविधाओं सहित सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाने का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के तहत किसी नए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है, क्योंकि 2021-26 की अवधि के लिए यह स्कीम समाप्त हो गई है।

*****